इंदिरा नगर व राजीव नगर एसएलआरएम... पृष्ठ 2 | दामू भूतड़ा बने बाल समाज गणेश... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

बुधवार, 21 अगस्त 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 308, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए





।। जय श्री जलाराम।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


# आज भारत बंद रहेगा, क्या है वजह- क्या खुलेगा और कौन-सी सेवाएं रहेंगी ठप

**नई दिल्ली।** अनुसूचित जाति व जनजाति आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ देश भर के विभिन्न संगठनों ने आज 'भारत बंद' का आह्वान किया है। बसपा समेत कई पार्टियां इस बंद का समर्थन कर रही हैं। ऐसे में सवाल ये हैं कि भारत बंद क्यों बुलाया गया है सुप्रीम कोर्ट का वो कौन-सा फैसला है, जिसका दलित संगठन विरोध कर हैं दलित संगठनों की क्या मांगे हैं संघ लोक सेवा आयोग (क्रस्ष्ट) में लेटरल एंट्री क्यों सवालों के घेरे में है भारत बंद के दौरान क्या-क्या खुलेगा और क्या बंद रहेगा।




**क्या है सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर को लेकर फैसला सुनाते हुए कहा था, ''सभी एससी और एसटी जातियां और जनजातियां एक समान वर्ग नहीं हैं। कुछ जातियां अधिक पिछड़ी हो सकती हैं। उदाहरण के लिए - सीवर की सफाई और बुनकर का काम करने वाले। ये दोनों जातियां एससी में आती हैं, लेकिन इस जाति के लोग बाकियों से अधिक पिछड़े रहते हैं। इन लोगों के उत्थान के लिए राज्य सरकारें एससी-एसटी आरक्षण का वर्गीकरण (सब-क्लासिफिकेशन) कर अलग से कोटा निर्धारित कर सकती है। ऐसा करना संविधान के आर्टिकल-341 के खिलाफ नहीं है।''

सुप्रीम कोर्ट ने कोटे में कोटा निर्धारित करने के फैसले के साथ ही राज्यों को जरूरी हिदायत भी दी। कहा कि राज्य सरकारें मनमर्जी से यह फैसला नहीं कर सकतीं। इसमें भी दो शर्त लागू होंगी।

**गूगल ट्रेंड में भारत बंद**

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला उन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुनाया था, जिनमें कहा गया था कि एससी और एसटी के आरक्षण का फायदा उनमें शामिल कुछ ही जातियों को मिला है। इससे कई जातियां पीछे रह गई हैं। उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए कोटे में कोटा होना चाहिए। इस दलील के आड़े 2004 का फैसला आ रहा था, जिसमें कहा गया था कि अनुसूचित जातियों का वर्गीकरण कर सकते हैं।

**कौन-कौन पार्टियां भारत बंद का समर्थन कर रहीं**

देशभर के दलित संगठनों ने 21 अगस्त को भारत बंद का एलान किया है। इनको बहुजन समाजवादी पार्टी सुप्रीमो, भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद भारत आदिवासी पार्टी मोहन लात रोत का भी समर्थन मिल रहा है। साथ ही कांग्रेस समेत कुछ पार्टियों के नेता भी समर्थन में हैं।

**किन राज्यों में भारत बंद के बारे में किया जा रहा सर्च**

भारत बंद को लेकर राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ समेत देश भर में इसके बारे में सर्च किया जा रहा है।

बसपा के महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, ''हम सब जानते हैं कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती ने सुप्रीम कोर्ट के उप वर्गीकरण के फैसले का पुरजोर विरोध किया है। बहन जी के दिशानिर्देश बीएसपी के सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं से अपील है कि बीएसपी के नीला झंडा और हाथी निशान के तहत 21 अगस्त 2024 को होने वाले भारत बंद में शामिल हों और जनता को खासकर दलित, शोषित, वंचित, अल्पसंख्यक और न्याय पसंद लोगों तक उप वर्गीकरण के बारे में जागरूक करें।'' साथ ही उन्होंने अपील की कि बसपा के सभी कार्यकर्ता अनुशासित एवं संवैधानिक तरीके से बड़ी संख्या में भारत बंद में शामिल हों।

**भारत बंद करने वालों की क्या मांगे हैं**

भारत बंद बुलाने वाले दलित संगठनों की मांगे हैं कि सुप्रीम कोर्ट कोटे में कोटा वाले फैसले को वापस ले या पुनर्विचार करे।

भारत बंद के दौरान क्या बंद रहेगा भारत बंद को लेकर अभी तक किसी भी राज्य सरकार ने आधिकारिक तौर पर दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं। पुलिस-प्रशासन को अलर्ट पर रखा गया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी व्यापक कदम उठा रहे हैं।

**ये सेवाएं जारी रहेंगी**

21 अगस्त को भारत बंद के दौरान अस्पताल और एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी। बैंक दफ्तर और सरकारी कार्यालय बंद रखने संबंधी अभी तक कोई आदेश सरकार की तरफसे नहीं आया है। इसलिए बुधवार को बैंक और सरकारी दफ्तर भी खुलेंगे, ऐसा माना जा रहा है।भारत बंद के बारे में क्या सर्च किया जा रहा है देश में भारत बंद को लेकर लोग अलग-अलग कीवर्ड से सर्च कर रहे हैं। जैसे- कल भारत क्यों बद रहेगा, भारत बंद, भारत बंद टुमोरो, कल भारत बंद है या नहीं आदि।

**लेटरल एंट्री पर हंगामा क्यों मचा है**

यूपीएससी में लेटरल एंट्री यानी प्राइवेट सेक्टर के लोगों की सरकार के बड़े पदों पर सीधी भर्ती करना है। उद्देश्य है- प्रशासन में एक्सपर्ट्स शामिल होते हैं और प्रतिस्पर्धा बनी रहती है। लेटरल एंट्री के तहत सरकार में संयुक्त सचिव, निदेशक या उप-सचिव की भर्ती होती है। केंद्र सरकार ने 17 अगस्त को 45 अधिकारियों की भर्ती के लिए वैकेंसी निकाली थीं।

**क्या लेटरल एंट्री में आरक्षण लागू नहीं होगा**

इसको लेकर भाजपा आईटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय का कहना है कि आयोग की ओर से निकाली गई लेटरल वैकेंसी में आरक्षण के वे नियम लागू होंगे, जो यूपीएससी की किसी भी दूसरे परीक्षाओं में लागू होते हैं।वहीं भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग ने एक आरटीआई के जवाब में बताया कि सरकारी नौकरियों में 13 रोस्टर पॉइंट के जरिए रिजर्वेशन लागू होता है।

**रोस्टर सिस्टम क्या है**

इसमें सरकारी नौकरी में हर चौथा पद ओबीसी, हर 7वां पद एससी, हर 14वां पद एसटी और हर 10वां पद ईडब्यूएस के लिए रिजर्व होना चाहिए। हालांकि,तीन से कम पदों पर भर्ती के लिए रिजर्वेशन लागू नहीं होता है। बता दें कि सरकार ने कानूनी की तकनीकी वजहों का लाभ उठाते हुए अलग-अलग विभागों से तीन से कम पदों के लिए विज्ञापन जारी किए हैं। इसलिए इसमें रिजर्वेशन लागू नहीं होता है। हालांकि, आज सरकार ने लेटरल एंट्री भर्ती रद्द कर दी है।

# शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस ने किया महाकाल पालकी यात्रा का भव्य स्वागत : सूर्यकांत जैन

## पेरिस ओलंपिक में बने पर्यवेक्षक फिरोज अंसारी का महाकाल सेना प्रमुख पवन डागा ने किया सम्मान



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सावन मास के अंतिम सोमवार को शीतला माता देवालय राजनांदगांव से निकलीं श्री महाकाल पालकी यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से बाजे-गाजे, नगाड़े-ढोल-बैंड और भगवान के मनमोहक झांकियां एवं दृश्य के साथ निकली, जिसका भव्य स्वागत स्थानीय गंज लाइन में शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में भगवान चंद्र मोलेश्वर जी की पालकी में पुष्प अर्पित कर किया गया एवं समस्त महाकाल भक्तों को पेयजल पिलाया गया। महाकाल भक्तों की अपार भीड़ ने हर हर महादेव और बम-बम भोले की ध्वनि के गुंजन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। पालकी यात्रा के बीच हॉकी इंडिया के सह-सचिव और छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष तथा पेरिस ओलंपिक में पर्यवेक्षक रहे फिरोज अंसारी का महाकाल सेना ने गंज लाइन में महाकाल सेना के प्रमुख पवन डागा के नेतृत्व में सम्मान किया गया।इस अवसर पर श्री डागा ने कहा कि संस्कारधानी के गौरव फिरोज अंसारी ने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। 52 साल बाद भारतीय हॉकी टीम ने लगातार दो ओलंपिक में दो मैडल जीत कर हमें गौरवनित किया है। आज हमारे बीच श्री अंसारी इंडिया टीम के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित है। प्रेस विज्ञप्ति में महाकाल सेना के सूर्यकांत जैन ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है कि श्री अंसारी इसके पूर्व 2012 में लंदन ओलंपिक, 2014 में पुरूष वर्ल्ड कप हॉलैंड, 2018 में महिला वर्ल्ड कप 2018 में रियो ओलम्पिक व 2023 में 19वीं एशियन गेम्स हन्गुजू (चाईना) में भी पर्यवेक्षक के रूप में भाग ले चुके है। पेरिस में भारतीय हॉकी टीम ने ऐतिहासिक कांस्य पदक जीत कर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर महाकाल सेना के सूर्यकांत जैन, जिला साहू समाज के अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व निगम अध्यक्ष कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, राजू डागा, महेश अग्रवाल (मुन्ना), विजय शर्मा, अमित खण्डेलवाल, नीरज कन्नौजे (संचालक वीआईपी जिम), विनोद बंटी यादव, करीम खान, मनीष सिमनकर, जितेश सिमनकर, विष्णु सिन्हा, भारत भूषण शर्मा, अशोक सेन, राजेश खांडेकर, दिलीप यादव, मोहन चुनरकर, विकास (पम्पी) अग्रवाल, शैलेश नोन्हारे, महेश यादव, अमन, प्रदीप यादव, पारस गुप्ता, जावेद, संदीप सोनी, सहदेव साहू, मोनू कोसरे, सुरेन्द्र मंडावी, निर्मल साहू, संजय ओझा सहित बड़ी संख्या में महाकाल भक्त उपस्थित रहे।

## मलपुरी में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम मलपुरी में ध्रुव गोड़ आदिवासी समाज द्वारा नौ



अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस दिन सुबह 11 बजे गोड़वाना भवन मलपुरी से कलश यात्रा निकाला गया जिसमें समाज के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए,कलश यात्रा ग्राम-मलपुरी का भ्रमण कर आदिवासी भवन पहुँचे जहा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला नेताम, अध्यक्षता श्री प्रहलाद उइके विशिष्ट आतिथि श्रीमती अन्नपूर्ण नेताम, नारायण कोड़प्पा , बरसन लाल नेताम, जनपद सदस्य पिताम्बर कतलाम, ईश्वरी मण्डावी शिक्षक, सनद ठाकुर, संतोष ठाकुर,योगेश कुमार कोर्राम एवं शिव कुमार सेवता उपस्थित थे।

# दामू भूतड़ा बने बाल समाज गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष





**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी बाल समाज गणेश उत्सव समिति की बैठक श्री बाला जी मंदिर गंजलाईन मे रखी गई जिसमें हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश पर्व धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है जिसमें विर्सजन झांकी गणपति मेला एवं बैलदौड का कराने का निर्णय लिया गया है। बाल समाज के सभी पदाधिकारियो की उपस्थिति में दामू भूतडा को बाल समाज का अध्यक्ष सर्व सम्मति से बनाया गया । दामू भूतडा के अध्यक्ष बनने के बाद प्रसिद्ध गणेश मूर्तिकार स्व. पाण्डुरंग,बाल समाज के संरक्षक स्वश्री भवरलाल गांधी, स्वं. पुरुषर्षोत्तम खण्डेलवाल एवं युवा पूजा प्रभारी के सदस्य स्व. अंश खण्डेलवाल को दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए श्रध्दाजली दी गई । साथ ही बाल समाज गणेश उत्सव समिति के आयोजन के लिए निम्न पदाधिकारी की घोषणा की गई अध्यक्ष दामु भूतडा उपाध्यक्ष कैलाश राठी, विकास अग्रवाल, गुच्ची जैन,सचिव नीरज माहेश्वरी कोषाध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल सहसचिव - राघव गांधी, ऋषभ नाहटा पूजा प्रभारी तनमय, आकाश चौरसिया गंधर्व हुंका, राहुल अग्रवाल सारांश खण्डेलवाल प्रथम चितलांग्या, अबीर खण्डेलवाल, कृष्णा संरक्षक श्री खुबंचद पारख,श्रीकिशन खण्डेलवाल,नत्थूलाल जी अग्रवाल, नंदलाल जी राठी, मूलचंद मुरारीलाल जी डागा, मोहन अग्रहरि, कमलकिशोर जी पोरवाल, सूर्यकान्त जी चिन्तलांग्या डा. पुखराज जी बाफना, बीसन अग्रवाल अशोक कुमार डागा , राजेन्द्र लढढा, संतोष हुंका, सुभाष हुंका, अनिल अग्रवाल अजीत जैन,दिनेश जिन्दल,पुरुषोत्तम गांधी, ताराचंद नाहटा, अनिल गुप्ता कैलाश हुंका, ईश्वर अग्रवाल, राजेश जिन्दल, अशोक पाण्डे, राजेश चितलाग्या पवन डागा वरिष्ठ सदस्य : सचिन अग्रहरि, पवन डागा,नन्दूभूतडा, राजू खण्डेलवाल, सुरेश पोरवाल, मनीष खण्डेलवाल, दीपक गांधी, रोशन गोलछा सूर्यकांत जैन रानु जैन, मनोज बैद, गोपाल शर्मा, गोपाल भटटड, सुनील उभरानी, रतन गिडिया, सुरेन्द्र लोहिया, सागर चितलांग्या, श्रीमति मधु बैद झाकी प्रभारी मदन राठी, सुजीत मित्तल, विक्की झांझरी भरत साहू, गोपाल खण्डेलवाल, पराग हुंका, मोहन मेश्राम, राजकुमार गांधी सुरज खण्डेलवाल, आलोक जैन, (लल्ली) रमेश बाफना बबली नाहटा, पुरुषोत्तम भूतडा, मीनू जैन, रतन गांधी हीरा माहेश्वरी, मनोज अग्रवाल, राजू डागा, रमेश राठी नन्दू जैन, गुड्डु जैन, अरूण चोपडा, जीतू चोपडा, राजू पोरवाल बंटी जैन, मनोज पींचा हेतेन्द्र तिवारी, सिध्दार्थ मित्तल, रुपेश गुप्ता।

# जवानों को रक्षा सुत्र, नारी शक्तियों के सम्मान के साथ संपन्न हुए श्री बागेश्वर धाम कावड़यात्रा बाल गोपाल भी हुए शामिल










**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी विगत 1 माह से पूर्व श्रद्धा भक्ति के साथ शिवमय हो गई थी। श्री बागेश्वर धाम कावड़ यात्रा जो कि पूर्व में भारतीय सेना, खिलाडियों मूक बधिर बच्चों, भारतवासियों के कल्याण,देश के अग्रसर होने की कामना से जल अर्पित किया गया। अंतिम कावड़ यात्रा नारी शक्ति व रक्षाबंधन को समर्पित थी। नारी शक्ति के लिये आयोजित कावड़ यात्रा में भारी संख्या में नारी शक्तियां शामिल हुई। उक्त आयोजन हेतु श्री बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, सूरज गुप्ता, भावेश अग्रवाल, विजय गुप्ता, राजेश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल,गोल्डी गुप्ता,श्रीमति प्रज्ञा गुप्ता कार्यक्रम को स्वरूप देने में लगे थे, उन्होनें बताया कि, भारतीय नारी को वर्तमान परिस्थितियों में सामना करने हेतु माँ दुर्गा, माँ काली के स्वरूप को अपनाने की आवश्यकता है तथा रक्षा बंधन अंतिम सोमवार को था। जिसके कारण से यह कावड़ यात्रा नारी शक्ति व रक्षा बंधन पर आधारित रखी गई। कावड़ यात्रा का पुष्प वर्षा कर श्री डी.सी.जैन सहित अनेक संस्थाओं, नगरवासियों द्वारा अभिनंदन किया गया।कावड़ यात्रा में नन्हे बाल गोपाल भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कावड़ यात्रियों के द्वारा श्री बागेश्वर धाम मंदिर में जल अर्पण, आरती की गई।उसके पश्चात हमारे सेना पुलिस के जवानो के कल्याण हेतु रक्षा बंधन के अवसर पर उन्हे श्री बागेश्वर धाम ट्रस्ट की बालिकाओं, सेविकाओं उपस्थित महिलाओं द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया तथा उनके कल्याण की कामना की। जिस पर जवानों द्वारा भावहद्धल होकर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर नारी शक्ति जो कि संस्कारधानी में विभिन्न क्षेत्रों में अनवरत् रूप से अपनी सेवा दे रही है। उनका सम्मान किया गया। सर्वप्रथम संस्कारधानी में धर्म सेवा व विधिक्षेत्र में अपना योगदान दे रही अधिवक्ता श्रीमती शारदा तिवारी जी, कला व संस्कृति क्षेत्र में सुप्रसिद्ध लोकगायिका श्रीमती कविता वासनिक जी, खेल क्षेत्र में पॉवर लिफ्टिंग में राष्ट्रीय गोल्ड मेडल विजेता कु. चंचल गुप्ता,समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान हेतु श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी जी व चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सेवा दे रही श्रीमती साधना तिवारी जी का सम्मान किया गया। कावड़ यात्रा में पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव भी शमिल हुए। कार्यक्रम का संचालन पंकज गुप्ता द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन सूरज गुप्ता द्वारा किया गया। श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट ने शिवभक्ति के 1 माह के सावन के आयोजन हेतु प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सभी सहयोगियों सेवा सामाजिक , धार्मिक संस्थाओं, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, खिलाडियों, जन-प्रतिनिधियों का स्वागत अभिनंदन हेतु आभार व्यक्त किया है व मंदिर केआगे के आयोजनों में शामिल होने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवकअजय गुप्ता प्रतीक गुप्ता,सचिन गुप्ता द्वारा दी गई।

nandgaon times aug-21-03.qxd 8/20/2024 11:59 PM Page 2



# इंदिरा नगर व राजीव नगर एसएलआरएम सेन्टर का आयुक्त ने किया निरीक्षण

## घर में ही कचरा पृथक कर डोर टू डोर कचरा गाडी में डालने लोगों को समझाईस के दिये निर्देश, गौरव पथ में नाला सहित अन्य निर्माण कार्य प्रारंभ करने स्थल निरीक्षण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज सुबह तकनीकि अधिकारियों के साथ इंदिरा नगर तथा राजीव नगर एसएलआरएम सेन्टर का जायजा लेकर कचरा पृथककरण की जानकारी ली तथा अधोसंरचना मद अंतर्गत नाला निर्माण एवं प्रस्तावित एसटीपी निर्माण के लिये स्थल निरीक्षण किये। आयुक्त श्री गुप्ता इंदिरा नगर एसएलआरएम सेंटर एवं राजीव नगर एसएलआरएम सेन्टर का क्रमशः निरीक्षण कर सेन्टर प्रभारी से कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर प्रतिदिन गीला सुखा कचरा पृथककर गीला कचरा से खाद बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पीट में डले कचरा की निर्धारित समयावधि में पल्टी करे, समयावधि के पश्चात कार्य न करे, खाद बनाने में कोताही न बरते। वर्तमान में वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर खाद का विक्रय करे खाद के लिये निजी उद्यान, घर की बागवानी हेतु उपयोग करने लोगों को जानकारी देवे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदी कचरा संग्रहण के दौरान लोगों को घर में ही कचरा पृथककरण कर देने समझाईस देवे, उन्हे बताये कि जिला एवं सुखा कचरा अलग अलग डिब्बा में रखे तथा बतावे कि कचरा गाडी आने पर ही स्वच्छता दीदीयों को कचरा देवे, घर के आस पास व नाली में कचरा न डाले। उन्होंने प्रभारी से कहा कि सतप्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करे, जिनके द्वारा लंबे समय से यूजर चार्ज नही दिया जा रहा है, वहा वार्ड प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक के साथ जाकर वसूली करे। इस संबंध में उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को भी निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता निरीक्षण के दौरान गौरव पथ में समता भवन के पास अधोसंरचना मद अंतर्गत नाला निर्माण के लिये स्थल निरीक्षण कर कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से कहा कि जल्द नाला निर्माण प्रारंभ कराये, जिससे पानी निकासी की समस्या दूर हो सके और पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने एसटीपी निर्माण के लिये प्रस्तावित स्थल मोहारा नाला के पास एवं पारीनाला के पास जायजा लेकर नाला से पानी आने की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने बताया कि मोहारा नदी व पारीनाला में गंदा पानी आने रोकने एसटीपी का निर्माण किया जाना है, जिसके लिये शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। पारीनाला के पास 15 एमएलडी प्लांट निर्माण किया जायेगा जिसमें रेल्वे पटरी पार के ढाबा, चिखली, गौरीनगर आदि क्षेत्र से नाले के माध्यम से पानी प्लांट में आयेगा, इसी प्रकार मोहारा के पास 26 एमएलडी के प्लांट में गोकुल नगर, आर.के.नगर, आशा नगर, इंदिरा नगर, नंदई आदि क्षेत्र के नाला का पानी प्लांट में आयेगा, जिसका शोधन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शासन स्वीकृति पश्चात कार्य प्रारंभ किया जायेगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि शासन स्वीकृति पश्चात जल्द प्रक्रिया कर प्राथमिकता से कार्य कराया जावे, ताकि नाला का गंदा पानी नदी नाला में न जावे। उन्होंने शेष निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के



निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता श्री दीपक महला, उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू उपस्थित थे।

# ब्रह्मकुमारीज द्वारा रक्षाबंधन पर वृहद कार्यक्रम का आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा रक्षाबंधन का पावन पर्व बहुत ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया 17 अगस्त को वृद्धाश्रम , दिव्यांगो की संस्था अभिलाषा तथा मूकबधीर बच्चों की संस्था आस्था में ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी 18 अगस्त को पी टी यस , 8 वी बटालियन , तथा थानों में ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन इंडो तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों को तथा जिला जेल के बंदी भाईयो को ब्रह्माकुमारी बहनों ने राखी बांधी। ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर में रक्षाबंधन के दिन संस्था के हजारों भाई बहने राखी बंधवाने पहुंचे साथ ही पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव भी पधारे ।सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने सभी ब्रह्मावत्सो को परमपिता परमात्मा शिव के महावाक्य सुनाये । साथ ही परमात्मा का रक्षाबंधन के निमित्त शुभ संदेश सुनाया गया । इसके बाद रक्षाबंधन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । इसके दो दिन पूर्व ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा विभिन्न स्थानों में जाकर पवित्रता का प्रतीक राखी सबको बांधी गई । रक्षाबंधन के दिन पुष्पा दीदी जी ने कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुषमा सावंत, जितेन्द्र मुदलियार,पूर्व मंत्री धनेश पटिला,समाजसेवी दामोदर दास मूंदड़ा,श्रीमती शीला कोठारी ,श्रीमती विमलेश शुक्ला के निवास स्थान पर जाकर राखी बांधी । इसके बाद संध्या को वरदान भवन में रक्षाबंधन के अवसर पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें शीतलेश पटेल डॉ नरेन्द्रगाँधी,अरुण गुप्ता,अशोक चौधरी,हरीश गाँधी,मोहन अ ग ् वा ल , स ु भा ष अग्रवाल,नरेन्द्रलोहिया, किशोर पंजवानी,अमलेंदु हाजरा,दिनेश भट्टर,भागचंद सोमानी,कृष्ण कुमार द्विवेदी,श्रीमती शशी गट्टानी सहित अनेक गणमान्य जन राखी बंधवाने पहुंचे ।

## राजीव गांधी को दी गई श्रद्धांजलि


**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव



गांधी जी का 80वा जन्मदिवस 20 अगस्त को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव द्वारा मनाया गया। कांग्रेसियों द्वारा राजीव गांधी चौक में पहुंचकर राजीव जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर राजीव गांधी अमर रहे नारो के साथ श्रद्धांजलि दी गई ।साथ ही कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा बुलाई गई राजीव जी के जीवन पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में राजीव जी के जीवन दर्शन पर बात रखी। आयोजन में प्रमुख लोगो में ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू,वरिष्ठ कांग्रेसी देशराज जैन,जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू,अजीत जैन,विरेंद्र बोरकर,ललित लोढ़ा,अखिलेश नखत,गणेश साहू,संध्या साहू,श्रुति शुक्ला,वैशाली बोरकर,अरुणा देवांगन,लीलम गोस्वामी,प्रियंक जैन,लेखुराम देवांगन,सोमन साहू,रितेश राजपूत,कुंभ जोशी सहित अन्य जन उपस्थित थे।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस : किसी भी खूबसूरत चीज या नजारे को अपने कैमरे में कैद कर लेना

**भिलाई( नांदगांव टाइम्स )।** हर साल 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस उत्साह के साथ मनाया जाता है । यह दिवस उन लोगों के लिए खास महत्व रखता है जो किसी भी खूबसूरत चीज या नजारे को अपने कैमरे में कैद कर लेना पसंद करते हैं ।विश्व फोटोग्राफी दिवस उन सभी फोटोग्राफर्स को समर्पित है जिन्होंने अपनी कला से दुनिया की खूबसूरती को कैमरा में कैद किया है दुनिया में ऐसे कई फोटोग्राफर्स है जिन्होंने इस कला को अपना पेशा बना लिया है वो अपने कैमरे से बेहतरीन तस्वीरें खींच कर लाखों-करोड़ों रुपए कमा रहे हैं । फोटोग्राफी और कुछ नहीं बल्कि लोगों के लिए अपनी हुनर दिखाने का एक मौका है जो लोग अपनी बात शब्दों के जरिए बयां नहीं कर पाते उनके लिए फोटोग्राफी कई बार बहुत अच्छा विकल्प बन जाता है ।विश्व फोटोग्राफी दिवस का इतिहास संपादित करें इतिहासकारों के मुताबिक कई साल पहले 9 जनवरी, 1839 को दुनिया की सबसे पहली फोटोग्राफी प्रक्रिया का आविष्कार हुआ था। इस प्रक्रिया का नाम था




डॉगोरोटाइप जिसे जोसेफ नाइसफोर और लुइस डॉगेर नाम के 2 वैज्ञानिकों ने अविष्कार किया था। डॉगोरोटाइप टेक्निक फोटोग्राफी की पहली प्रक्रिया थी, इस टेक्निक के आविष्कार का ऐलान फ्रांस सरकार ने 19 अगस्त, 1839 में किया। इसी की याद में विश्व फोटोग्राफी दिवस हर साल 19 अगस्त को मनाया जाता है। आधिकारिक तौर पर इस दिन की शुरुआत 2010 में हुई थी। ऑस्ट्रेलिया के एक फोटोग्राफर ने अपने साथी फोटोग्राफरों के साथ मिलकर इस दिन इकट्ठा होने और दुनियाभर में इसका प्रचार प्रसार करने का फैसला किया। अपने साथी फोटोग्राफरों के साथ मिलकर उनकी तस्वीरें ऑनलाइन गैलरी के जरिए लोगों के सामने पेश कीं। इस ऑनलाइन गैलरी को लोगों ने खूब पसंद किया इसके बाद से फोटोग्राफरों का डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए अपनी कला का प्रदर्शन करने का यह सिलसिला शुरू हो गया जो आज भी जारी है।

## अज्ञात 100 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम द्वारा खरकाटोला नाला के पास अज्ञात 100 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब आबकारी एक्ट के तहत जप्त किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक श्री उज्जवल कुमार सूत्रधर, हमराह स्टॉफ श्री जर्नादन प्रसाद पाण्डेय, श्री नागेश निषाद, श्री भोजराज बंजारे शामिल थे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

## श्री दासीश्याम प्रभु की त्रिदिवसीय जयंती धूमधाम से मनायी जाएगी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री दासीश्याम प्रभु की त्रिदिवसीय जयंती श्री श्यायकुटी एवं श्री दासीश्याम मंडल के सदस्यों द्वारा 21 अगस्त दिन बुधवार से बड़े धुमधाम एवं बहुत उत्साह के साथ मनायी जा रही है। जयंती के प्रथम दिवस श्री श्यामकुटी में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक सत्संग, भजन, कीर्तन एवं दोपहर के भोजन प्रसादी के पश्चात रात्री 9 बजे से स्टेशन पारा शक्तिधाम में श्री गणेश शर्मा, श्री राजेश शर्मा, श्याम शर्मा, राधिका शर्मा की भजन संध्या रात्रि 12 बजे तक होगा। यह जयंती भादोबदी की चौथ को श्री खाटूश्याम प्रभु एवं उनकी शक्ति जिन्हें उनके भक्तगण अपनी प्यारी गुरू मां के नाम से पुकारते उनके मिलन को जयंती के रूप में मनाते है। यह 25 वीं जयंती होगी और पुरे साल भर उनके भक्तगणों को जयंती उत्सव का बड़ी बेसब्री से इंतेजार रहता है। अब भक्तों के इंतजार के घड़ीया समाप्त हुई। जयंती पर्व के लिए गैंदा, गुलाब, रजनीगंदा, चम्पा, जुही तथा अन्य फुलों से पुरे शक्तिधाम को एवं श्री श्यामकुटी को बहुत ही मनमोहक व आकर्षक रूप से सजाया गया है। और लाईट की झालरों से भी श्रृंगार किया गया है। जयंती पर्व के लिए दुर्ग, भिलाई, रायपुर, भाठापारा, बिलासपुर, शक्ति, रायगढ़, शहडोल, कटनी, टाटानगर, कलकत्ता, झारसुकड़ा, वृंदावन, बैंगलोर, बालाघाट, पुर्ण, अकोला से भक्तगणों आने का सिलसिला शुरू हो गया है। श्री श्यामकुटी में जयंती पर्व के लिए अपनी सेवा देने वाले तथा आने वाले भक्त अपने आप को बड़ा धन्य मानते है कि श्री गुरू मां ने उन्हें ने अपने धाम बुलाकर सेवा प्रसादी दी है। और जयंती पर्व का आनंद देने के लिए उन्हें बुलाया है। श्री श्यामकुटी में श्यामप्रभु की स्थापना को 50 वर्ष हो गये है और इन 50 वर्षों में स्थानीय भक्तगण बगीचों से फुल चुनकर लाने, फुलों की सुंदर मनभावन माला बनाने वाले, प्रभु के स्वादिष्ट व्यंजन, मिठाई बनाने वाले भक्तगण, भजन तथा गुरूवंदना लिखने वाले भक्तगण, भजन गाने वाले भक्तगण, ढोलक-तबला, कैसिनो, झांझ-मंजीरा आदि साज बजाने वाले भक्तगण, प्रभु के भोग के लिए मिठाई व नमकीन लाने वाले भक्तगण, सभी तरह के भक्तगणों श्यामकुटी में अपनी सेवाओं की महारत हासिल कर लिए है। इस तरह श्री श्यामकुटी में सभी कलाकार, सभी तरह के सलाहकार हो गये है। जयंती पर्व पर श्री श्यामकुटी में सबसे अधिक भीड़ रहती है। स्थानीय व बहारी भक्तगण श्री गुरू मां के प्यार, कृपा व दया से सभी को एक सुत्र में पिरो दिया है।

# सावन के अंतिम सोमवार शाही पालकी यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु भक्त



**राजनंदगांव ।** बाबा महाकाल उज्जैन की तर्ज पर राजनंदगांव महाकाल मंदिर सिंघोला एवं महाकाल सेना द्वारा संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में विगत कई वर्षों से पालकी यात्रा का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष सावन के पांच सोमवार में भी नगर के विभिन्न क्षेत्रों से पालकी यात्रा निकाली गई।।।। 19 अगस्त सोमवार को नगर की देवी शीतला माता मंदिर से बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर की शाही पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। राजनांदगांव की पहचान बनती जा रही पालकी यात्रा में भारी संख्या में शिव भक्त उमड़े। अंतिम सोमवार को देखते हुए शाही सवारी निकाली गई। पालकी शोभायात्रा के मार्ग में लाल कारपेट बिछाया गया था। शिव भक्तों के अलावा गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि, यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के मार्ग में सभी वर्ग समाज के लोगों ने स्वागत पंडाल लगा बाबा चंद्रमारेश्वर पर पुष्प वर्षा कर पूजा अर्चना की।।।।।। डोंगरगांव, गेंदाटोला, डोंगरगढ़, खैरागढ़ सहित दुर्ग, भिलाई, रायपुर छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से और महाराष्ट्र से भी बाबा के भक्तजन यात्रा में शामिल हुए।।।।हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी धर्म के लोगों ने बाबा महाकाल की पालकी का स्वागत अभिनंदन किया।।।। शाही पालकी सवारी यात्रा का विशेष आकर्षण लोक कलाकारों का शिव के अनेक रूप में जीवंत प्रदर्शन रहा जिसे जो भी देखा मंत्रमुग्ध हो गया।।।।। यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ का आदिवासी नृत्य, पंथी नृत्य, आखड़ों का प्रदर्शन भी देखने लायक था।।।। सावन के अंतिम दिन ही भव्य त्रिशूल की स्थापना शीतला माता मंदिर परिसर में महाकाल भक्त पवन डागा के विशेष आतिथ्य में निगम द्वारा कराया गया।

# वृद्धाश्रम , दिव्यांगो की संस्था अभिलाषा तथा मूकबधीर बच्चों की संस्था आस्था में ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा रक्षाबंधन का पावन पर्व बहुत ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया द्व ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर में रक्षाबंधन के दिन संस्था के हजारों भाई बहने राखी बंधवाने पहुंचे साथ ही पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव भी पधारे ।सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने सभी ब्रह्मावत्सो को परमपिता परमात्मा शिव के महावाक्य सुनाये । साथ ही परमात्मा का रक्षाबंधन के निमित्त शुभ संदेश सुनाया गया । इसके बाद रक्षाबंधन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । इसके दो दिन पूर्व ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा विभिन्न स्थानों में जाकर पवित्रता का प्रतीक राखी सबको बांधी गई । रक्षाबंधन के दिन पुष्पा दीदी जी ने कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुषमा सावंत, जितेन्द्र मुदलियार,पूर्व मंत्री धनेश पटिला,समाजसेवी दामोदर दास मूंदड़ा,श्रीमती शीला कोठारी ,श्रीमती विमलेश शुक्ला के निवास स्थान पर जाकर राखी बांधी । इसके बाद संध्या को वरदान भवन में रक्षाबंधन के अवसर पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें शीतलेश पटेल डॉ नरेन्द्रगाँधी,अरुण गुप्ता,अशोक चौधरी,हरीश गाँधी,मोहन अग्रवाल,सुभाष अग्रवाल,नरेन्द्रलोहिया, किशोर पंजवानी,अमलेंदु हाजरा,दिनेश भट्टर,भागचंद सोमानी , कृष्ण कुमार द्विवेदी, श्रीमती शशी गट्टानी सहित अनेक गणमान्य जन राखी बंधवाने पहुंचे ।

**शुभांक**

**2-6-9**

**446-4 249-5**

**भाग्यांक**

**557-7 236-1**

# राजनांदगांव समीपस्थ सेवा सहकारी समिति रानीतराई में सांसद प्रतिनिधि विवेक साहू ने गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थ सेवा सहकारी समिति रानीतराई में सांसद प्रतिनिधि विवेक साहू ने गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में पूर्व संचालक सदस्य एवम् जनप्रतिनिधि सर्व श्री सरपंच राजेंद्र साहू हाई स्कूल अध्यक्ष नरेंद्र साहू पूर्व सोसायटी अध्यक्ष अशोक साहू पूर्व उपसरपंच विष्णु साहू,पूर्व संचालक नोहर साहू,पूर्व सरपंच गुलाब साहू ओमदाश साहू उत्तम साहू देवकरण साहू दया साहू ढाल साहू तोरण साहू अजय निषाद गुरुचरण साहू, उपसरपंच जितेन्द्र साहू गुतेश्वर साहू, थनावार साहू ध्रुव साहू घनस्याम साहू समिति प्रबंधक रवि यादव आदि उपस्थित थे। पश्चात हाई स्कूल में ध्वजारोहण अध्यक्ष के द्वारा किया गया इसके पूर्व गांव में प्रभात फेरी निकालकर गांव का भ्रमण किया गया। अमर शहीद अमर रहे का गगन भेदी नारा लगाया गया । प्रभातफेरी स्कूल पहुंच कर सभा के रूप में प्रणीत हुए। बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम प्रारम्भ था कि महाराजपुर के पास रानीतराई में अध्ययनरत छात्र के सड़क दुर्घटना में मौत होने की सुचना मिलते ही कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया और सभी लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। सांसद प्रतिनिधि विवेक साहू ने शासन प्रशासन से शीघ्र कार्यवाही करने कहा गया सुरगी चौकी स्टाफ के विलंब पहुंचने पर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया । ग्रामीणों को सांता कराया गया। तदोपरान्त स्थिति सामान्य हुई। इस घटना को लेकर आस पास के गांवों में नाराज़गी देखी जा रही है सड़क दुर्घटना से निपटने आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है घटना स्थल पर आस पास के सैकड़ों लोग इकठ्ठा हो गए। सिंघोला से लेकर रानीतराई दुर्घटना जोन में तब्दील होते जा रही है। सड़क में गाड़ी की रफ्तार मुख्य वजह मानी जा रही है वही बच्चों को भी परिवहन नियमों की जानकारी एवम् मोटर सायकल सावधानी पूर्वक चलाने प्रशिक्षण देने की जरूरत है। अन्यथा किसी भी की लापरवाही का भुगतान मां बाप व पलक को उठाना पड़ेगा।

## महाराष्ट्र से लाए अवैध शराब बेचने वाले दो आरोपी को जेल भेजा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना क्षेत्रों मे अवैध शराब , गतिविधियों पर लगातार अभियान के तहत कार्यवाही की गई है पुलिस ने 14. अगस्त की शाम को ग्राम पदगुढा मे बादराटोला में गजाधर साहू के घर के पास, अवैध रूप से शराब बिक्री की कार्यवाही की गई थी डोगरगांव पुलिस ने एक टीम गठित कर अवैध शराब के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किया गया जहां आरोपी को



अवैध शराब बेचते हुए पुलिस ने धर पकड़ कर पकड़ने का प्रयास किया परंतु मौके से भाग गया था इन आरोपियों द्वारा अवैध शराब के पास 4 बोरीयों मे कुल 415 नग पौवामहाराष्ट्र की च्देशी दारू संत्रा च्च् प्रीमियम डिलक्स सुपर , मोटर साइकिल को जप्त किया गया है । साथ ही दो आरोपी देवेन्द्र साहू और गजाधर साहू बादराटोला पदगुड़ा के खिलाफ कार्यवाही करते हुए रिमांड पर भेजा गया है।

## शपथ पत्र

यह है की मेरा नाम ममता वासनिक पति जयराम वासनिक निवासी टेकापार कला तह.खैरागढ़ ज़िला के.सी.जी.(छ.ग.) है। मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम बेला वासनिक अंकित हो गया है जबकि मेरे वोटर आईडी कार्ड में नाम ममता वासनिक पति जयराम वासनिक है जो की सही है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है इसलिए मैं यह शपथ करती हूं की मेरा सही नाम ममता वासनिक पति जयराम वासनिक है और मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**ममता वासनिक**
**पति जयराम वासनिक**
**टेकापार कला तह.खैरागढ़**
**ज़िला के.सी.जी.(छ.ग.)**

nandgaon times aug-21-03.qxd 8/20/2024 11:59 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) किस मुगल शासक द्वारा शाहरुख नामक चांदी का सिक्का चलाया गया*

*2) वह कौन सी महिला खिलाड़ी है, जिसने तीन खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की*

*3) रिले क्रॉपिंग क्या है*

*4) इंद्रधनुष क्रांति क्या है*

*5) हाल ही थाईलैंड की प्रधानमंत्री कौन बनी है*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) बाबर (2) शिरीन खुशरू कियाश (हॉकी, क्रिकेट और बास्केटबॉल) (3) एक वर्ष में एक ही खेत से चार फसलें लेना (4) सभी क्रांतियों पर निगरानी हेतु (5) पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा

# सावन के अंतिम दिन जटाशंकर मंदिर में दर्शनाथियो की रही भीड़



**डोंगरगढ (नांदगांव टाइम्स)।** श्री जटाशंकर मंदिर शिवधाम पर्वत) डोंगरगढ में महाकाल के दरबार मे सावन के आखरी दिन भक्तों की उमड़ी भीड़आज सावन डोंगरगढ़ आखरी सोमवार था इस दिन शिवधाम पर्वत जटाशंकर मंदिर में महाकाल के भक्तों की सुबह से ही भीड़ शुरू हो गई थी। जहां नगर के अन्य सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ थे वही शिवधाम पर्वत जटाशंकर मंदिर जो कि पहाड़ी में प्रदेश के अन्य जिलों से भी भक्तों का आना जाना लगा रहा बता दें कि यह जो मंदिर है जो यह पर पहाड़ पर स्वयंभू शिवलिंग भी है। यह मंदिर डोंगरगढ़ की विख्यात मां बमलेश्वरी देवी मंदिर के पिछले भाग में स्थित है। जिस स्थान में मंदिर का निर्माण कराया गया है वह एक बहुत बड़ा विशालकाय चट्टान है जिसका आकार 2000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है जो स्वयं शिवलिंग के आकार में आकृति लिया हुआ है यह जो शिवलिंग है वह स्वयंभू है किसी के द्वारा स्थापित किया गया है जैसे कि सावन के महीना में पांचों सोमवार भक्तों का रेला लगा हुआ रहता है उसी क्रम में आज शुभ सोमवार कर अवसर पर भक्तों का मेला लगा रहा। भक्त बताते हैं कि एक पहाड़ी पर पर चढ़ने के बाद जो लोगों को थकान महसूस होता है रास्ते भर तो थकावट महसूस होता है लेकिन ऊपर



जैसे ही श्री महाकाल के दर्शन होते हैं सारी थकावट दूर हो जाती हैं एवं मन प्रफुल्लित हो उठता है मानो शरीर की सारी पीड़ा हर गई हो। इस मंदिर के प्रत्यक्के पत्थरो पर स्वम नागों का चित्र बना हुआ है । हालांकि वर्तमान में श्री जटाशंकर मंदिर पहाड़ी की शिखर तक पहुंचने के लिए सीढ़ियों का निर्माण कराया गया है और अभी मन्दिर का जीर्णोद्धार प्रारंभ है।

## भरेंगांव में स्वतंत्रता दिवस पर प्रतिभावान को किया सम्मानित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट



अंग्रेजी/हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भरेंगांव मे 15 अगस्त 2024 को 78 वा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम बच्चों द्वारा गांव की गलियों में रैली निकाली गई। इसके उपरान्त हायर सेकेण्डरी स्कूल भरेंगांव में ध्वजारोहण शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष मनोज चंद्राकार द्वारा किया गया। सांस्कृतिक गतिविधियों का मंच संचालन नूतन लाल साहू (व्याख्याता) एवम् श्रीमती कुसुमकिरण साहू (सहा. शि. विज्ञान) द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज चंद्राकर (एसएमडीसी अध्यक्ष), अध्यक्षता श्रीमती सुलेखा चंद्राकार सरपंच), विशेष अतिथि रोहित चंद्राकर (उपसरपंच), बलभद्र चंद्राकर, दिलीप सिन्हा, विष्णु केशरिया, ओकेश्वर चंद्राकर, कुंज बिहारी चंद्राकर, भरत चंद्राकर, सचिव दीपक वैष्णव, गायत्री कुंभकार, मंदाकनी दुबे, श्रीमति रामेश्वरी निर्मलकर जनपद सदस्य राजनांदगांव के प्रतिनिधि के रुप में नील निर्मलकर, हरीश निर्मलकर आदि उपस्थित रहे। अतिथियों के स्वागत उपरांत बच्चों द्वारा देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। नील निर्मलकर ने सत्र 2023-24 में कक्षा 10वी व 12वी में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कुल 59 बच्चों को पुरस्कृत किया। और अपने संबोधन में बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए कहा कि बच्चे सालभर कड़ी मेहनत करते हैं जिनका यह छोटा सा सम्मान हैं। इसी प्रकार आगामी वर्ष के लिए भी प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करने की बात कही गई। इसी क्रम में रोहित चंद्राकर द्वारा देश प्रेम, एकता और एक अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। और अंत में संस्था के प्राचार्य द्वारा अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## 369 पंजीकृत हितग्राहियों को योजनावार 70 लाख 88 हजार 500 रूपए की राशि से किया गया लाभान्वित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर श्रम विभाग अंतर्गत अधिक से अधिक श्रमिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग के माध्यम से श्रमिकों को हर संभव मदद करते हुए योजना का लाभ दिलाना है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के माह अगस्त में जिले में छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से 369 पंजीकृत हितग्राहियों को योजनावार 70 लाख 88 हजार 500 रूपए की राशि से लाभान्वित किया गया है। जिसके अंतर्गत महतारी जतन योजना अंतर्गत 204 हितग्राहियों को 40 लाख 80 हजार रूपए, छात्रवृत्ति सहायता योजना अंतर्गत 136 हितग्राहियों को 1 लाख 8 हजार 500 रूपए, असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत 29 हितग्राहियों को 29 लाख रूपए से लाभान्वित किया गया है।

# पुलिस के द्वारा रात्रिकालीन गस्त के दौरान बदसुलकी करने का मामला




**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा युवा मोर्चा के मीडिया प्रभारी खुशाल चक्रवर्ती पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद चक्रवर्ती निवासी वार्ड नं. 16 को पुलिस के द्वारा रात्रिकालीन गस्त के दौरान बदसुलकी करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले का उजागर होते ही शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जैन के नेतृत्व में दर्जन भर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयो के साथ थाने पहुँचकर लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गई है। मामले की गंभीरता को लेकर थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा इस घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को देने के बाद गंभीरता से जाँच करने व आगे की कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है। पूरे मामले को लेकर बताया जाता है कि 18-19 अगस्त की देर रात गोंदिया निवासरत बहन के यहाँ राखी छोड़कर देर रात लगभग 02 बजे ट्रेन से उतरने के पश्चात अपने घर जा रहा था इस दौरान रात्रि गश्त के दौरान ड्यूटी में तैनात एएसआई मुजीब कुरैशी व हमराह सिपाही के द्वारा मारपीट व मोबाईल छिनने सहित गंदी गंदी गाली गलौज करने का आरोप प्रार्थी के द्वारा आरोप लगाया गया है। प्रार्थी के द्वारा यह भी बताया गया कि प्रार्थी के स्व. पिता के साथ आरोपी एएसआई ड्यूटी भी कर चुका है जिसके बाद भी प्रार्थी के साथ इस प्रकार की बदसुलकी करना कई प्रकार के सवाल खड़ा कर दिया है। यक्ष सवाल यह उठ रहा है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाद भाजपाई ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनता की स्थिति क्या बनती होगी। ये पुलिस के आलाधिकारी व प्रदेश में बैठे सत्ता सरकार में बैठे नेताओ के लिए जाँच का विषय बन गया है । चर्चा तथा आरोप यह है कि रात्रि गश्त के दौरान हमराह के रूप में तैनात कुछ कर्मचारी नशे की हालत में बताया गया है। जाँच के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## डोंगरगांव को हरियार डोंगरगांव बनाने वाले अनुविभागीय अधिकारी के स्थानांतरण होने के बाद ठंडे बस्ते में चल गया अभियान

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर को हरा भरा बनाने के उद्देश्य लेकर काम करने की सोंच रखने वाले मनोज मरकाम अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा बारिश लगने से पूर्व जोर शोर से तैयारी में लगे रहे लगातार नगर गणमान्य नागरिक से लेकर पत्रकारों व आम जनता के बीच लगातार बैठक रणनीति तैयार कर रहे थे वहीं नगर के कुछ स्थानों पर जिसमें मटिया व बीटीआई ग्राउंड में वृहद वृक्षारोपण कार्य भी हुआ वहीं व्यापारी संघ के द्वारा जन सहयोग से ढोलकी का व्यवस्था करके वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किये लेकिन जैसे ही अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम का स्थानांतरण विगत दिनों डोंगरगांव से डोंगरगढ़ हो गया जैसे ही पूर्व एस डी एम के तबादला होने से पुरा का पुरा बदलाव हो गया जितने भी डोंगरगांव के खाली जगहों पर वृक्षारोपण करने का प्लान किया था वो अधिकारी के स्थानांतरण होने के बाद ठंडे बस्ते में चले गए वहीं उनके स्थान पर आये नये अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा उक्त पहल पर कोई ध्यान नहीं दिया गया जिस कारण से डोंगरगांव के हरियर डोंगरगांव के बनने के सपने सपने ही रह गया ।बाजार में सुगबुगाहट हो रहा है क्या एक अधिकारी के बदलाव होने से उनके द्वारा बनाए हुए प्लान चौपट हो जाता है क्या उनके जगह पर आये अधिकारी का नैतिक जिम्मेदारी नहीं है कि नगर को सुंदर व हरा भरा हो अब बात जो भी हो लेकिन बारिश भी थम गया है और पुरा प्लान भी चौपट होते हुए नजर आ रहे हैं। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों में इस पेड़ पौधे लगाओ हरियर अभियान की चर्चा जोरों पर है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य अपनी समस्याएं लेकर जनदर्शन में आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। उन्होंने आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में आज घुमका तहसील के ग्राम पटेवा निवासी श्री सुशन वर्मा ने अपनी पत्नी के आकस्मिक मृत्यु होने पर बीमा राशि प्रदाय के लिए आवेदन किया। शंकरपुर राजनांदगांव के श्री वासुदेव सिन्हा ने राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार के लिए आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व अभिलेख में नाम दुरूस्त करने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कोलकाता में रेजिडेंट डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या का विरोध, विहिप-बजरंग दल ने निकाला कैंडल मार्च, आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलकत्ता में हुए ट्रेनी डॉक्टर मोमिथा देबोनाथ के साथ हुए दुष्कृत्य और उसकी हत्या के विरोध में देशभर के डॉक्टरों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। देशभर के समस्त डॉक्टरो के समर्थन और मृत ट्रेनी डॉक्टर को न्याय दिलाने विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी के द्वारा महावीर चौक से एक रैली निकालकर डॉक्टर प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए, हत्यारों को फांसी दो, माता-बहनों का अपमान नहीं सहेगा हिंदूस्तान, मृत डॉक्टर को शीघ्र न्याय दिलाया जाए, नारा लगाते हुए जय स्तंभ तक पहुंचकर, वहां दीप प्रज्ज्वलित कर डॉक्टर मोमिथा देबोनाथ को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और हत्यारे को शीघ्र फांसी देने की मांग करते हुए साथ ही साथ पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को बर्खाशित कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाए, क्योंकि पश्चिम बंगाल मे महिलाओं और हिन्दू समाज पर अत्याचार बढ़ गया है। आये दिन वहां महिलाओं पर अत्याचार की घटनायें सुनाई देती है, इसलिए पश्चिम बंगाल को तालिबान बनाने से बचाने के लिए ममता बनर्जी सरकार को बर्खाशित किया जाए, ताकि वहां की माता-बहनों कि इज्जत, मान-सम्मान की रक्षा हो सके। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठजन नंदू राम साहू, अरुण गुप्ता, नीरज बाजपाई, योगेश बागड़ी, लव मिश्रा, अनूप श्रीवास, शुभम महाराज, सुनील सेन, अंकित खंडेलवाल, बाबाजी, अखिलेश गुप्ता, भरत साहू, दीपक सिंह, दामू भूतड़ा, योगेश वैष्णव, विमल गुप्ता, नरोत्तम ठाकुर, मनीष खंडेलवाल, प्रिंस, जैकी सोनकर, मनीष सर्वा, राहुल ताम्रकार, संतोष टूरहाते, प्रवीण शर्मा, अमन शर्मा, बाऊवा अग्निहोत्री, ऋषभ मल, पापू सेन, योगराज सेन, मातृशक्ति से कांति मौर्य, अंजली वाडेकर, बुलबुल श्रीवास, खुशबू नागदेवे, खुशी नागदेवे, खिलेश्वरी साहू, एवं अधिक संख्या में संगठन के कार्यकर्ता एवं माताएं बहने उपस्थित रहें।

## धर्म समाचार....

# कौन हैं भगवान श्रीकृष्ण की कुलदेवी, जहां छत्रपति शिवाजी ने भी टेका है माथा




श्रीकृष्ण भगवान विष्णु का 8वां अवतार माने जाते हैं। उत्तर प्रदेश के वृंदावन मथुरा आदि क्षेत्रों को भगवान कृष्ण की नगरी के रूप में जाना जाता है। क्योंकि भगवान ने अपने जीवन का काफी समय यहां बिताया है और कई लीलाएं भी की हैं। ऐसे में आज हम आपको उस स्थान के बारे में बताने जा रहे हैं जहां भगवान कृष्ण का मुंडन हुआ था।

हिंदू मान्यताओं के अनुसार, प्रत्येक कुल के एक कुलदेवी और कुलदेवता माने जाते हैं, जो उस कुल के संरक्षक भी होते हैं। विवाह या बच्चे के जन्म के बाद कुलदेवी या कुलदेवता की पूजा जरूरी मानी जाती है। ऐसा करने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि का माहौल बना रहता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि भगवान कृष्ण की कुलदेवी कौन- थीं और उनका मंदिर कहां स्थित है।

**कौन हैं कुलदेवी-** पुराणों के वर्णन मिलता है कि द्वापर युग में महाविद्या देवी नन्द बाबा की कुल देवी थीं। इसलिए उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की भी कुलदेवी माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, देवकी-वासुदेव ने कंस से श्रीकृष्ण और बलराम की रक्षा के लिए इस मंदिर में मन्नत मांगी थी। साथ ही यह भी माना कि माता यशोदा ने महाविद्या मंदिर में ही कान्हा जी का मुंडन करवाया गया था। इसके बाद से ही महाविद्या मंदिर की देवी को ही भगवान श्रीकृष्ण की कुलदेवी माना जाता है।

**कहां स्थित है मंदिर-**मथुरा के 4 प्रसिद्ध देवी मंदिरों में से मां महाविद्या सबसे ऊंची प्राचीर पर विद्यमान हैं। यह मंदिर मथुरा रेलवे जंक्शन से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जो श्री कृष्ण जन्मभूमि के पास ही है। इस मंदिर को लगभग 5000 वर्ष पुराना माना जाता है। इस मंदिर को लेकर यह भी मान्यता है कि छत्रपति शिवाजी ने भी इस मंदिर में आकर पूजा-अर्चना की थी। आज हमें मंदिर का जो स्वरूप देखने को मिलता है, उसका निर्माण मराठों द्वारा करवाया गया था। कई लोगों की कुलदेवी होने के कारण महाविद्या मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है।

**मिलती है यह कथा-**पौराणिक कथा के अनुसार, श्रीधर नामक एक ब्राह्मण के अंगिरा ऋषि का अपमान किया था। जिसपर ऋषि ने क्रोधित होकर उसे अजगर बनने का श्राप दिया और कहा कि त्रेता युग में अम्बिका वन (जिसे अब महाविद्या क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है) में जाकर तू अपना श्राप भोगेगा। श्रीकृष्ण जी के जन्म के बाद जब एक बार देवकी इस स्थान पर कुंड में स्नान कर रही थीं, तब श्रीधर ने अजगर के रूप में माता देवकी का पैर जकड़ लिया। इसके बाद श्रीकृष्ण ने उस सांप से अपनी माता को मुक्त करावाया और इस अगजर का वध कर उसका उद्धार किया। माना जाता है कि माता देवी के स्नान करने के कारण यहां एक देवकी कुंड भी था।

## कजरी तीज व्रत के दौरान दिन करें इस कथा का पाठ, मिलेगा मनचाहा जीवनसाथी

रक्षा बंधन के तीन दिन बाद कजरी तीज का त्योहार मनाया जाता है। इस पर्व को बड़ी तीज के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता के अनुसार इस व्रत को सबसे पहले मां पार्वती ने किया था। कजरी तीज व्रत को कुंवारी लड़कियां और सुहागिन महिलाएं करती हैं। पूजा के दौरान कथा का पाठ करने अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। कजरी तीज का पर्व भगवान शिव और मां पार्वती को समर्पित है। कजरी तीज के दिन कुंवारी लड़कियां मनचाहे वर को पाने के लिए व्रत रखकर महादेव और मां पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही व्रत कथा का पाठ करती हैं। ऐसी मान्यता है कि जो साधक कजरी तीज व्रत के दौरान कथा का पाठ नहीं करता है, वह शुभ फल की प्राप्ति से वंचित रहता है। इसलिए इस दिन कथा का पाठ करना न भूलें। आइए



पढ़ते हैं पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास के कृष्ण की तृतीया तिथि की शुरुआत 21 अगस्त को शाम 05 बजकर 06 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 22 अगस्त को दोपहर 01 बजकर 46 मिनट पर होगा। पंचांग को देखते हुए कजरी तीज का व्रत 22 अगस्त को रखा जाएगा। पौराणिक कथा के अनुसार, एक गांव में ब्राह्मण परिवार रहता था। ब्राह्मण की पत्नी ने भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि पर कजरी तीज का व्रत किया। व्रत के दौरान उसने अपने पति से सत्तू लाने को कहा। सत्तू के लिए ब्राह्मण के पास धन नहीं था। तो ऐसे में उसने चोरी करने का फैसला लिया। इसके बाद वह रात के समय दुकान में सत्तू लेने के लिए घुस गया। उसी दौरान दुकान के मालिक की नींद खुल गई और उसने ब्राह्मण को पकड़ लिया और उसकी पत्नी सत्तू का इंतजार कर रही थी। वहीं, चांद निकल आया था। जब दुकान के मालिक ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से सत्तू मिला। ऐसे में ब्राह्मण ने सारी बात बता दी। उसकी बात को सुनकर मालिक को उसपर बेहद तरस आया और कहा कि आज से वो उसकी पत्नी को अपनी बहन के रूप में मानेगा। अंत में मालिक ने ब्राह्मण को मेहंदी, सत्तू, गहने और धन देकर विदा किया। इसके पश्चात सभी ने कजली माता की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की।




# सावन सोमवार के पावन दिवस पर आज महाकाल त्रिशुल का हुआ अनावरण

## भगवान चंद्रमौलेश्वर बने साक्षी, महाकाल भक्तों की बडी तादात में रही उपस्थिति











**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महाकाल भक्तों की मांग पर उनकी भावना के अनुरूप नगर निगम द्वारा भव्य महाकल त्रिशुल का निर्माण कर सिद्धपीठ मॉ शीतला मंदिर में स्थापित किया गया, जिसका आज सावन मास के अंतिम दिन सावन सोमवार के पावन अवसर पर भगवान चंद्रमौलेश्वर को साक्षी मानकर महाकाल भक्तों की अपार भीड के बीच पूजा अर्चनाकर महाकाल के परम भक्त श्री पवन डागा द्वारा विधिवत अनावरण किया गया। अनावरण अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डे, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी संस्था की ब्रम्हकुमारी पुष्पादेवी सहित पूर्व सांसद श्री अशोक शर्मा व श्री मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर श्री सुदेश देशमुख, पूर्व निगम अध्यक्ष श्री रमेश डाकलिया, वरिष्ठ नेता श्री श्रीकिशन खण्डेलवाल व श्री थानेश्वर पाटिला के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री भागचंद साहू, मधुकर वंजारी, सतीश मसीह, विनय झा, गणेश पवार,जिला योजना समिति के सदस्य श्री अमीन हुद्दा, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता व श्री शरद पटेल, पूर्व पार्षद श्री गुरूमुखदास वाधवा, श्रीमती शारदा तिवारी व श्रीमती माया शर्मा,श्री देवेश देवांगन, पूर्व नामांकित पार्षद श्री एजाजुल रहमान, श्री मामराज अग्रवाल व श्री प्रभात गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि दुर्गेश यादव व श्री राजेश यादव सहित महाकाल भक्त बडी संख्या में उपस्थित थे। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने त्रिशुल अनावरण अवसर पर सावन सोमवार व रक्षाबंधन की बधाई देते हुये कहा कि महाकाल भक्त श्री पवन डागा एवं महाकाल सेना व भक्तों की मांग थी कि मानव मंदिर चौक का नामकरण महाकाल चौक कर वहा भव्य महाकाल त्रिशुल की स्थापना की जावे। मांग अनुसार नगर निगम द्वार त्रिशुल लगाने प्रक्रिया की गयी किन्तु मानव मंदिर चौक में यातायात एवं अन्य तकनिकी अडचन के कारण सिद्ध पीठ माता देवालय में त्रिशुल की स्थापना की गयी। जिसका आज सावन के अंतिम दिन सावन सोमवार के पुनित दिवस पर महाकाल भक्त पवन डागा के हाथो अनावरण किया गया। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि बाबा महाकाल की चंद्रमौलेश्वर यात्रा भी शीतला मंदिर से आज नगर भ्रमण के लिये प्रारंभ हो रही है यह परम सौभाग्य की बात है कि भोलनाथ के इस विशाल त्रिशुल के अनावरण का बाबा चंद्रमौलेश्वर भी साक्षी बने। उन्होंने कहा कि महाकाल भक्तों की मंशानुरूप एवं धार्मिक भावना के आधार पर 25 फीट के 14 सौ किलो वजनी पंचधातु से त्रिशुल का निर्माण किया गया है। उन्होंने इस पावन अवसर पर उपस्थिति के लिये सांसद श्री संतोष पाण्डे, पूर्व सांसदगण, उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में उपस्थित महाकाल भक्तों का आभार व्यक्त किया।सांसद श्री पाण्डे ने इस अवसर पर सावन सोमवार तथा सावन मास के अंतिम दिन भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा में बडी तादात में उपस्थित महाकाल भक्तो को बधाई देते हुये कहा कि भगवान चंद्रमौलेश्वर की अंतिम पालकी यात्रा आज माता शीतला मंदिर के दरबार से निकाली जा रही है, इस पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ का शस्त्र त्रिशुल जिसे भव्य रूप में डमरू युक्त निर्माण कर इस पवित्र भूमि में स्थापित किया गया, जिसके लिये सभी महाकाल भक्त बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि आज भाई बहन के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन भी है, इसकी भी मै बधाई देता हूॅ। महाकाल भक्त श्री पवन डागा ने कहा कि सावन मास के अंतिम सोमवार के पावन दिन आज भोलेनाथ के भव्य त्रिशुल का अनावरण किया जा रहा है, जिसके लिये मै महापौर श्रीमती हेमा देशमुख एवं निगम परिवार का धन्यवाद ज्ञापित करता हूॅ। उन्होंने कहा कि महाकाल सेना की इच्छा अनुरूप त्रिशुल लगाने की मांग की गयी थी जो आज पूर्ण हुई और शीतला माता के मंदिर में आज इस पवित्र दिन में स्थापना की गयी। उन्होंने भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा में उपस्थित महाकाल भक्तों को त्रिशुल स्थापना की बधाई देते हुये उपस्थिति पर आभार व्यक्त किया। अनावरण अवसर पर बड़ी संख्या में महाकाल भक्तगण उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय देहदान दिवस पर 15 लोगों ने लिया देहदान संकल्प

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देहदान सेवा समिति के क्षेत्रीय संयोजक श्री पुनारद दास साहू ग्राम रातापायली के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में एक संत सहित क्षेत्र के 15 लोगों ने देहदान का संकल्प पत्र जमा किया। कार्यक्रम में संत श्री ओंकार साहेब कबीर आश्रम इरईकला पूर्व में देहदान कर चुके संत श्री विवेक साहेब संत श्री विनय साहेब सहित देहदान सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण एवं देहदानीगण उपस्थित रहे। ज्ञात हो श्री पुनारद दास जी का पूरा परिवार देहदान कर चुके है। श्री साहू जी के लेख देहदान आवश्यकता और महत्व के माध्यम से संतगण भी प्रभावित होकर देहदान का संकल्प ले रहे है।

## संजय यादव झेरिया यादव समाज बसंतपुर के अध्यक्ष बने

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज महानगर राजनंदगांव के बसंतपुर इकाई का गठन किया गया जिसमें



संजय यादव अध्यक्ष तथा अरुण यादव सचिव चुने गए।अन्य पदाधिकारी में उपाध्यक्ष - संतोष यादव एवं राजा यादव, कोषाध्यक्ष - आकाश यादव, महामंत्री - दिनेश यादव, प्रचार प्रसार सचिव- लक्ष्मण यादव तथा सह सचिव - अर्जुन यादव एवं शैलेंद्र यादव शामिल हैं। समाज के प्रांताध्यक्ष जगनिक यादव के निर्देशानुसार महानगर अध्यक्ष गरीबाराम यादव की उपस्थिति में युक्त पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है। इस अवसर पर समाज के महामंत्री सुदेश यादव, सलाहकार महेश यादव, उपाध्यक्ष अमन यादव, कोषाध्यक्ष राजेश यादव, संरक्षक श्रवण यादव, कन्हैया यादव सहित अन्य स्वजातीय बंधु उपस्थित थे। बैठक में समाज के इष्ट देव भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव पर शोभायात्रा एवं कृष्ण लीला पर आधारित झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। यह जानकारी समाज के सचिव पूनाराम यादव ने दी।

## दूसरी बार नथमल कोटडिया को जिला सराफा एसोसियेसन का अध्यक्ष चुना गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों जिला सराफा



एसोसियेसन की बैठक हुई जिसमें सर्व सम्मति से लगातार दूसरी बार नथमल कोटडिया को जिला सराफा एसोसियेसन का अध्यक्ष चुना गया। मार्ग-दर्शक :9 अनिल बरडिया अध्यक्ष:9 नथमल कोटडिया कार्यकारी अध्यक्ष :9 मनोज बैद उपाध्यक्ष:9 कोमल गोलछा राजेश सोनी (राजेश ज्वेलर्स ) सचिव :9 शिव नारायण अग्रवाल कोषाध्यक्ष :9 गणेश ओस्तवाल सह-सचिव :9 बँटी बल्देव सोनी सलाहकार समिति :9 हिंदूराव पवार अशोक कोचर पारस सोनी संजय चौगुले विशेष आमंत्रित बालचंद भंसाली ज्ञानचंद नवलखा कार्यकारिणी समिति दिलीप गोलछा शंकर मदन सोनी धीरज बैद दीपक नवलखा टीकम सोनी अशोक सोनी विजय जडिया राजकुमार बैद विजय बैद (विक्की बैद) आशीष बैद (अंगूठी ज़्वे.) मुकेश बाफ़्ना राजेश सोनी ( सुमीत ज़्वे.) जुगल सोनी (ऋषभ ज्वे.) निलेश गिड़िया शिव सोनी ललित नखत मलय कोटडिया बँटी सोनी (माँ ज्वे) अखराज सोनी सतीश पारख श्रेयांश गोलछा स्ज्ञछ्ठ नलिन कोठारी राहुल बैद गगन बोहरा अनिल बैद ललित मुणोत धनेश (गोल्डी) बरडीया अनिल कोटडिया राजेश कसार अमित पंजवानी श्रेयांश बाफ़्ना अंशुल चोपड़ा ।

## पांचवा सोमवार शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव



**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** छुईखदान सावन माह पांचवा सोमवार 19 अगस्त 2024 रक्षाबंधन पर्व पर शहर के सभी शिवालयों में बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई । भक्तों द्वारा भगवान भोलेशंकर जी को रक्षाबंधन पर्व पर रक्षा सूत्र राखी बांधी एवं जलाभिषेक , दुग्धाभिषेक , बेलपत्र , कनेर , फुडहर धतूरा पुष्प श्रीफल आदि भेंट कर कपूर दीप से आरती किये है । रानी मंदिर समिति छुईखदान के संरक्षक लतारानी लाल जे के वैष्णव ने जानकारी दी कि सावन माह में महिला रामायण मंडली बाईसाहब मंदिर एवं बजरंग रामायण मंडली जस समिति छुईखदान द्वारा सभी मंदिरों में जाकर भजन कीर्तन किया जाता है । शिवालयों सहित शहर में ऊं नमः शिवाय , हर हर महादेव की भक्ति भाव से गूंजित रहा। भक्त जनों द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा , महामृत्युंजय मंत्र जाप , श्री शिव चालीसा पाठ एवं शिव तांडव स्तोत्र पाठ किया जाता है ।पं. प्रदीप मिश्रा जी के कथन एक लोटा जल , सभी समस्या का हल से भगवान शिवशंकर के भक्तों में बहुत वृद्धि हुई एवं भक्त जन पूजा अर्चना हेतु कतार में इंतजार करते हैं।

## जिले के गांव गांव धूमेगा अखण्ड ज्योति रथ



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गायत्री परिवार का जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी बीते दिनों स्थानीय गायत्री मंदिर में संपन्न हुआ। गोष्ठी में वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी विजन 2026 के कार्य योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा गांव गांव में प्रज्ञा मंडल, महिला प्रज्ञा मंडल, प्रज्ञा युवा मंडल के गठन की रूपरेखा तय की गई। इसके अलावा जिले में विभिन्न प्रकोष्ठों के लिए कार्यकर्ताओं का मनोनयन किया गया। गोष्ठी में प्रमुख वक्ता व बतौर अतिथि प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के सह संयोजक चम्पेश्वर साहू, उपजोन प्रभारी नंदकिशोर सुरजन, शांतिकुज हरिद्वार प्रतिनिधि जयराम मोटलानी, जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा, राजनांदगांव गायत्री मंदिर के पूर्व व्यवस्थापक जुगल किशोर लड्ढा, आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी की राज्य प्रभारी श्रीमती रूपाली गांधी, गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा, बाल संस्कार शिक्षा आंदोलन के जिला प्रभारी श्रीमती शीला सोनी, हरिश गांधी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां गायत्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वजलन, स्तुति तथा गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुआ। पश्चात् जिले के विभिन्न ब्लॉकों में युवा मंडल, महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल सहित गायत्री परिवार की गतिविधियों के संबंध में प्रमुखों द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। गोष्ठी में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के सह संयोजक चम्पेश्वर साहू ने कहा कि शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा अनेक प्रकार की कार्य योजनाएं प्रेषित की जा रही है, जिसका हम सभी को अपने अपने क्षेत्रों में क्रियान्वयन करना आवश्यक है। उन्होंने आगामी 2026 में वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी समारोह की तैयारी के पूर्व जिले के सभी गांवो में ग्राम प्रवज्या, सुप्तावस्था में रहे गायत्री परिजनों को जागृत करने, तीर्थ ग्राम की परिकल्पना साकार करने, बाल संस्कार शालाओं के अधिकाधिक संचालन सहित अनेक विषयों पर सारगर्भित जानकारी दी। जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने प्रमुख रूप से जिले में अखण्ड ज्योति कलश रथयात्रा के संचालन तथा रूटचार्ट पर चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी को इस बात की चिंता करनी है कि रथयात्रा से कोई गांव या परिजन वंचित न रह जायें।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख को जन्मदिन की बधाई देने लगा तांता







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रक्षाबंधन के दिन भाई-बहन में विशेष उत्साह के बीच भाजपा कार्यकर्ता आज के दिन को इसलिए भी नहीं भूलते हैं कि आज उनके वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख का जन्मदिन विशेष अंदाज में मनाया जाता है । प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ के भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा खूबचंद पारख का जन्मदिन आज बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। गंज लाइन में स्थित गौतम भवन में बड़ी संख्या में लोग गुलदस्ता और माला पहनकर स्वागत किया गया। श्री पारख लंबे समय से संघटनात्मक कार्यों में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ रचे बसे हुए हैं, सभी वर्ग के कार्यकर्ताओं में पारख जी अपनी पकड़ बनाए हुए हैं,इसलिए उन्होंने सभी के साथ जन्मदिन के अवसर पर केक काटे। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनेक विधायकगण, मंत्रीगण के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश डूलानी, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, पूर्व सांसद मधुसुदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, सुरेश लाल, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, नगर निगम के पार्षदगण, भाजपा के समस्त पदाधिकारीगण, विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, जिला मुरमुरा-पोहा संघ के समस्त व्यापारिकगण, राइस मिल व्यापारी संघ, मंडी के सारे व्यापारीगण ने बधाई दी। श्री पारख के निवास स्थान पर खूबचंद पारख के छोटे भाई गौतम पारख, समस्त परिवार ने सभी जनों का स्वागत किया । राजनांदगांव के कार्यकर्ताओं के अलावा खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, मोहला, मानपुर, अं. चौकी जिले से बड़ी संख्या में जन्मदिन पर स्वागत करने के लिए लोग पहुंचे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com